हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–299 : जौनपुर, गुरुवार 10 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## एक लाख वोटों से जीतकर योगी आदित्यनाथ ने बनाया यह रिकॉर्ड : संगीत सोम को मिली मात

लखनऊ ब्यूरो : एक लाख वोटों से जीते योगी, संगीत सोम को मिली मात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1,02,399 मतों के अंतर से चुनाव जीत गए हैं। वहीं, मेरठ की सरधना सीट से भारतीय जनता पार्टी के संगीत सोम हार गए हैं। उन्हें सपा के अतुल प्रधान ने हराया। भाजपा के फायर ब्रांड नेता संगीत सोम नहीं लगा सके जीत की हैट्रिक। सरधना में पहली बार साइकिल दौड़ी। सरधना विधानसभा सीट से सपा रालोद गठबंधन के अतुल प्रधान ने भाजपा के फायर ब्रांड नेता संगीत सोम को हरा दिया है। संगीत सोम इससे पहले दो बार यहां से चुनाव जीते थे, जबकि अतुल प्रधान दो बार चुनाव हारे थे। सरधना सीट पर ऐसा पहली बार हुआ है जब सपा का कोई प्रत्याशी जीता है। हार जीत का अंतर करीब 18000 वोटों का है। हालांकि, अभी आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। जब चार राउंड की मतगणना होनी बाकी थी, उससे पहले ही संगीत सोम मोदीपुरम में कृषि विश्वविद्यालय स्थित मतगणना स्थल से चले गए थे। मुजफ्फरनगर में तीसरी बार विधानसभा पहुंचे पंकज मलिक सपा के टिकट पर चरथावल से चुनाव लड़े पंकज मलिक ने तीसरी बार जीत दर्ज की है। पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक के बेटे पंकज मलिक चुनाव से एन




पहले कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हुए थे। भाजपा की सपना कश्यप ने चुनाव में उन्हें कड़ी चुनौती दी। पंकज मलिक को 97068 और भाजपा की सपना कश्यप को 91649 वोट मिले हैं। पंकज मलिक 5419 वोटों से जीत गए हैं। इससे पहले मलिक ने बघरा सीट से 2004 में उपचुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। इसके बाद 2007 में बघरा और 2012 में वह शामली सीट से विधायक चुने गए, लेकिन 2017 में चुनाव हार गए थे। शामली छोड़कर इस बार वह चरथावल से चुनाव लड़ने पहुंचे और कांटे के मुकाबले में जीत मिली। चरथावल में बसपा के उम्मीदवार सलमान सईद को सिर्फ 25 हजार वोट मिले हैं।

## सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर

हरदोई डीकेयू रिर्पोटर जनार्दन प्रयाद श्रीवास्तप : तहसील सवायजपुर क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा पाली के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कॉलेज के 63 वर्षीय सेवा निवृत्त शिक्षक विमलेश कुमार मिश्र के आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत से जुड़े तमाम एवं क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी है। आपको बतादें कि सेवानिवृत्त शिक्षक विमलेश कुमार मिश्र की परिजनों के मुताबिक 09 मार्च की रात्रि को लगभग 11 बजे हृदयगति रुक जाने के कारण उनका आकस्मिक निधन हो गया।जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार को गंगा नदी पांचाल घाट फर्रूखाबाद में किया गया। मुखाग्नि उनके इकलौते बेटे अभिषेक मिश्रा ने दिया। सेवानिवृत्त शिक्षक विमलेश कुमार मिश्रा के निधन की सूचना मिलते ही शिक्षक समाज एवं क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। लगभग 37 वर्ष तक शिक्षक के पद पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले गत वर्ष 31 मार्च 2021 को सेवानिवृत्त हुये शिक्षक विमलेश कुमार मिश्र व्यक्तित्व के धनी,कर्मठ, सरल स्वभाव के साथ– साथ सदैव अपने कार्य के प्रति सजग रहकर, बच्चों के प्रति स्नेहभाव,विद्यालय के प्रति समर्पण भाव के साथ कार्य करने की मिसाल कायम की। उन्होंने कभी भेदभाव नहीं किया। वे एक कर्मयोगी शिक्षक के साथ –साथ मार्गदर्शक भी थे। सेवानिवृत्त के बाद उन्होंने सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर सहयोग प्रदान किया। जिसे



कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ वेदप्रकाश द्विवेदी सहित समस्त स्टॉफ ने गहरा शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना की एवं उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। प्रधानाचार्य डॉ द्विवेदी ने कहा कि मिश्रा जी के निधन से मेरा मन काफी दुःखी है लेकिन समय के आगे सभी को झुकना पड़ता है।साथ ही समस्त विद्यालय परिवार मिश्रा जी के निधन पर काफी दुःखी है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।ईश्वर उस दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

## तिलकधारी महिला महाविद्यालय में विशेष शिविर के दूसरे दिन मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर अर्पित किया गया श्रद्धा सुमन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : ''राष्ट्रीय सेवा योजना'' तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर में विशेष शिविर के आज दूसरे दिन सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात सभी स्वयंसेविकाए प्रार्थना करने के लिए उमानाथ सिंह सभागार में कतार बद्ध होकर सभी ने एक स्वर में ''हे प्रभु आनंद दाता ज्ञान हमको दीजिए ''का गान करके ईश्वर के चरणों में अपना श्रद्धा सुमन अर्पित की !तत्पश्चात पी.टी. भी किया !अपने कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में संयुक्त रूप से सभी स्वयं सेविकाओं ने मलिन बस्ती में जाकर वृक्षारोपण किया साथ ही साक्षरता के प्रति भी लोगों को जागरूक किया आज के बौद्धिक सत्र में योग जिला प्रभारी युवा भारत डॉ हेमंत एवं श्रीमती सीमा द्विवेदी योग प्रशिक्षकों ने स्वयं सेविकाओं को आसन में ताड़ासन वृक्षासन और नटराज आसन एवं प्राणायाम भस्त्रिका कपालभाति अनुलोम विलोम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इनका योगा अभ्यास भी कराया उन्होंने बच्चों में उत्साह भरते हुए ''करो योग रहो निरोग ''की महत्ता पर भी प्रकाश डाला! कार्यक्रम में आए हुए



अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ शालिनी सिंह ने किया! धन्यवाद डॉ पूनम सिंह ने दिया !कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजश्री सिंह ने किया !इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रितिका टिया शिवांगी नेहा सोनी कविता आदि स्वयं सेविकाओं का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ!

## भाजपा ने जिले की आठों सीटों पर फहराया परचम : जीत का श्रेय नरेश अग्रवाल की झोली में

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिले में भाजपा ने आठों विधानसभा क्षेत्रों में अपना परचम फहराया है इस जीत का श्रेय जिले के कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल की झोली में जा रहा है कारण यह है कि वर्ष 2017 में भाजपा की बड़ी लहर के बावजूद जिले में सपा ने एक सीट पर अपना परचम फहराया था लेकिन इस बार पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल के भाजपा मय होने के बाद अब पूरा जिला विधानसभा की सभी सीटें भाजपा मय हो गई है विजय श्री ग्रहण करने वाले सभी भाजपा प्रत्याशियों में हरदोई सदर से निवर्तमान विधानसभा उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने, सवायजपुर से खांटी भाजपाई माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने शाहाबाद से रजनी तिवारी ने गोपामऊ से श्याम प्रकाश ने सांडी से प्रभास कुमार ने संडीला से अलका अर्कवंशी ने बालामऊ से रामपाल ने मल्लावां से आशीष कुमार सिंह आशू ने जीत दर्ज कराई है। खूब बिकी फूल मालाएं होली के पहले उड़ने लगा गुलाल मतगणना में भाजपा प्रत्याशियों की जीत से भाजपा कार्यकर्ता गदगद हैं। जिले की आठ विधानसभा क्षेत्रो भाजपा के प्रत्याशी चुनाव में जीत गए हैं मतगणना स्थल के बाहर कार्यकर्ताओं का हुजूम लगा हुआ है वहीं फूल में माला बेचने वाले व रंग गुलाल की दुकानें सजी हैं समर्थक जीतने वाले अपने नेता के स्वागत के लिए अति उत्साहित होकर मतगणना केंद्रों के बाहर डटे हुए हैं। बताते चलें जिले कि शुरुआती दौर में आठ विधानसभा क्षेत्रों में हुए चुनाव की मतगणना नगर के मंडी समिति में चल रही थी। विधानसभा क्षेत्रों में सात विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के प्रत्याशी आगे चल रहे थे वही बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के सुभाष पाल बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन बाद में भाजपा प्रत्याशी ने बढ़त बना ली और विजय श्री ग्रहण कर ली मतगणना स्थल पर भारी सुरक्षा बल तैनात रहा। मतगणना स्थल के बाहर आईटीआई के मैदान में समर्थकों का हुजूम लगा रहा वही आईटीआई मैदान में फूल विक्रेताओं ने अपनी दुकानें सजा रखी रंग गुलाल के विक्रेता भी मौके का फायदा उठाने में लगे रहे इस बार होली से पहले ही रंग गुलाल उड़ाया गया। सुबह से ही अपने प्रत्याशी की स्थिति जानने के लिए कार्यकर्ता मतगणना एजेंटों के मतदान मतगणना केंद्र से बाहर आने का इंतजार कर रहे हैं।तमाम उत्साहित कार्यकर्ता अपने उम्मीदवार का हाल जानने के लिए मतगणना स्थल पर मौजूद मीडिया कर्मियों से भी संपर्क बनाए हुए थे।जिस तरह पूरे प्रदेश में भाजपा बढ़त बनाए हुए हैं। वैसे ही जिले में सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के प्रत्याशी काफी लंबी बढ़त बनाए रहे। अन्ना पशुओं की रही बल्ले बल्ले मतगणना स्थल पर मंडी का कारोबार पूर्णतया बंद रहा दुकानों के बाहर लगे अनाज के बोरों से अन्ना पशु अनाज खाते दिखाई पड़े मतगणना स्थल पर भी अन्ना पशुओं की बल्ले–बल्ले रही टैंकर की टोटियों से प्यास बुझा के दिखे जवान जिन बीर सपूतों के कारण हम चौन से सोते हैं जिन कर्ण धारों के कंधों पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी है जो देश की आन बान और शान के लिए अपनी जिंदगी की बाजी को सीमाओं पर हंसते हंसते कुर्बान कर देते हैं ऐसे कर्ण धारों के लिए जिला प्रशासन शुद्ध पेयजल की तक व्यवस्था कराने में असफल साबित हुआ विभिन्न मदो पर लाखों रुपए खर्च कर मतगणना संपन्न कराने वाले जिला



प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की अग्रिम पंक्ति में खड़े देश के जवानों की प्यास बुझाने के लिए टैंकर खड़े कर दिए थे ऐसी स्थिति में देशभक्त जवान उन टैंकरों की टोटियों से अपनी प्यास बुझाते हुए दिखाई पड़े ऐसी स्थिति देखकर प्रत्यक्षदर्शियों को बहुत ही अटपटा महसूस हो रहा था। सदर सीट पर नितिन ने रचा इतिहास हरदोई सदर सीट पर पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल के पुत्र नितिन अग्रवाल ने जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है इस सीट पर कभी भी भाजपा का कमल नहीं खिल सका था भाजपा की आंधी में भी इस सीट पर साइकिल ने बाजी मारी थी लेकिन इस बार पूर्व राज्यसभा सांसद और कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल के जादू ने अपने पुत्र नितिन अग्रवाल को जीत दिलवाकर ऐतिहासिक रूप से इतिहास के पन्नों में दर्ज कर लिया। प्रत्याशी को पिछ्डता देख समर्थक बेसुध ह अपने प्रत्याशी को पिछड़ता देख एक कार्यकर्ता मंडी स्थल में पड़े एक तख्त पर बेसुध होकर अपनी नींद पूरी करता हुआ दिखाई पड़ा बताते हैं कि यहां एक पार्टी का वफादार सिपाही था जो पूरी पूरी रात जागकर ईवीएम की रखवाली करता रहा और अपनी पार्टी की बदतर हालत को देख इसके पैर जवाब दे गए और वह वहीं पड़ोस में पड़े एक तख्त पर पसर कर अपनी नींद पूरी करता हुआ दिखाई पड़ा। चिर परिचित अंदाज में स्वीकार की बधाइयां सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के खांटी प्रत्याशी मानवेंद्र प्रताप सिंह रानू की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने अग्रवाल धर्मशाला में जमकर भांगड़ा किया मिठाई खिलाकर और गुलाल लगाकर एक दूसरे को जीत की बधाई दी रानू समर्थकों का उत्साह देखते ही बनता था। रानू को बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ दिखाई पड़ा रानू भी मुस्कुरा कर अपने चिर परिचित अंदाज में लोगों की बधाइयां स्वीकार कर रहे थे तथा उन्हें यथोचित सम्मान भी दे रहे थे अप्रत्याशित नतीजों से लोगों को लगा झटका हरदोई भाजपा के पक्ष में आए एक तरफा जनाधार से अन्य राजनीतिक दलों के समर्थकों को जोर का झटका धीरे से लगा है उनके चेहरे लटक गए और वहां मास्क तथा गमछा लपेटकर मतगणना स्थल से चुपके से खिसक लिए वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इन अप्रत्याशित नतीजों को वह पचा नहीं पा रहे हैं खूब छुटाए पटाखे डीजे पर हुआ डांस नितिन अग्रवाल की जीत पर रेलवे गंज में गुप्ता खाद भंडार के सामने जोरदार डीजे पर जहां डांस हुआ वही पटाखों की आवाज से क्षेत्र गुंजायमान हो गया यहां पर नितिन अग्रवाल और नरेश अग्रवाल के नजदीकी समर्थक प्रकाश चंद प्रेम प्रकाश अश्विनी गुप्ता आदि ने 51 किलो लड्डू वितरित कर लोगों का मुंह मीठा कराया नितिन अग्रवाल की जीत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। भारी बहुमत से जीते नितिन अग्रवाल सदर सीट पर इतिहास में पहली बार परचम लहराने वाले नितिन अग्रवाल को बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है वही उनके समर्थकों में भी खासा जोश है नरेश अग्रवाल और नितिन अग्रवाल के नारों से उनका दरबार गुंजायमान हो रहा है फूलों की बड़ी–बड़ी मालाएं लेकर समर्थक उन्हें बधाई देने के लिए कतारो के रूप से खड़े देखे गए। मालूम हो कि श्री अग्रवाल ने 43000 से अधिक मतों से विजय श्री हासिल की है।

## टैक्स चोरी के आरोप में सिविल सेवा कोचिंग संस्थान पर छापा : आयकर विभाग ने की कार्यवाही

नई दिल्ली ब्यूरो : आयकर विभाग ने बुधवार को दिल्ली में सिविल सेवा की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान विजनआईएएस के परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि कोचिंग संस्थान पर कर चोरी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि संस्थान के दिल्ली के पूसा रोड स्थित व अन्य परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि जांच टीमें संस्थान के वित्तीय दस्तावेजों और अकाउंट्स की जांच कर रही हैं। कुछ दस्तावेजों को जब्त भी किया गया है। संस्थान की अन्य शहरों में भी शाखाएं हैं। संस्थान से बात करने की कोशिश की गई लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं आया है। हाल ही में आया था विवादों में संस्थान हाल ही में तब विवादों में आ गया था जब कई सोशल मीडिया यूजर्स ने यह दावा करते हुए प्रदर्शन किया था कि लेक्चर के वीडियो में दिख रहे संस्थान के फेकल्टी सदस्य द्वारा में हिंदू–विरोधी बातें कही जा रही हैं। ट्विटर पर मांगी थी माफी इसके बाद 28 फरवरी को कोचिंग संस्थान ने ट्विटर पर अपने आधिकारिक हैंडल से बयान जारी कर कहा था कि वीडियो क्लिप उस चर्चा का एक छोटा हिस्सा है, जो संस्थान के सम्मानित फेकल्टी सदस्य बोल रहे हैं। संस्थान ने कहा था, ''विजनआईएएस भारतीय संविधान में निहित लोकाचार और मूल्यों में दृढ़ विश्वास रखता है और अगर किसी को दुख पहुंचा है कि यह जानबूझकर नहीं किया गया है और इसके लिए दिल से माफी मांगी जाती है।''

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## दिल्ली का मौसम : तल्ख हो रहे हैं सूरज के तेवर, अगले सप्ताह तक और बढ़ेगी गर्मी

नई दिल्ली ब्यूरो : देश की राजधानी में दिन पर दिन सूरज के तेवर तल्ख हो रहे हैं। इस कड़ी में दिल्ली के अलग–अलग इलाकों में पारे का मीटर बढ़ रहा है। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स इलाका 32.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम और 19.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे गर्म इलाका रहा। मौसम विशेषज्ञों का पूर्वानुमान है कि अगले सप्ताह तक गर्मी और बढेगी। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को सफदरजंग मानक केंद्र पर अधिकतम तापमान सामान्य से दो अधिक 31.1 व न्यूनतम तापमान सामान्य के बराबर 14.2 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 24 से 91 फीसदी तक रहा। सफदरजंग मानक केंद्र को ही दिल्ली का आधिकारिक मानक केंद्र माना जाता है। वहीं, नजफगढ़ में अधिकतम पारा 32.7 व पीतमपुरा में 32.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम पारा रहा।

## जनपद में भाजपा व गठबंधन को मिली 3 सीटें : बाकी पर सपा : 01 सीट का परिणाम बाकी

जौनपुर देश की उपासना कार्यालय प्रतिनिधि : वर्तमान विधानसभा निर्वाचन में एक ओर जहां भारतीय जनता पार्टी को प्रचण्ड बहुमत प्रदेश की जनता द्वारा देकर इतिहास रचा गया और यशश्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दोबारा मुख्यमंत्री बननें का अवसर उनके द्वारा विकास एवं सुरक्षा के मुद्दे पर दिया गया है। जबकि जनपद जौनपुर में मल्हनी विधानसभा से सपा के लकी यादव, मछलीशहर से डॉ. रागिनी सोनकर, सपा सहयोगी दल के जफराबाद विधानसभा से जगदीश नारायण राय, और केराकत सपा से तूफानी सरोज को जीत दिलाकर विधानसभा में भेजनें का काम किया। समाचार लिखें जानें तक सदर विधानसभा का परिणाम प्राप्त नहीं हो सका। जैसा कि प्रदेश में भाजपा को प्रचण्ड बहुमत मिली है ऐसे में भाजपा व उसके सहयोंगी दल को मात्र 03 सीटें मिल रही है, ऐसे बदलापुर विधानसभा से भाजपा के रमेश मिश्रा को दोबारा जीत मिलना उनका जनता के प्रति किया गया कार्य एवं विश्वास को प्रदर्शित करता है। सहयोगी दल में शाहगंज से रमेश सिंह व मड़ियाहूं से आरके पटेल को जीत हासिल हुई।

## एलएसी पर भारत–चीन तनाव चार दशक में सबसे खराब : कल होगी सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता

नई दिल्ली एजेंसी : एक अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने दावा किया है कि भारत–चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव चार दशक के सबसे खराब हालात में है। एशिया–प्रशांत क्षेत्र को लेकर सुनवाई कर रही अमेरिकी संसद के सदस्यों की एक समिति के समक्ष एडमिरल जॉन एक्विलिनो ने यह बात कही। एडमिरल एक्विलिनो ने कहा कि बीजिंग इस क्षेत्र में आक्रामक तेवर अपना रहा है। एक्विलिनो ने यह बात भारत और चीन के बीच 11 मार्च को होने वाली 15 वें दौर की सैन्य कमांडर स्तरीय वार्ता



के पहले कही है। उन्होंने कहा कि पीपुल्स रिपब्लिकन आर्मी ऑफ चाइना और भारत के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव चार दशकों में सबसे खराब स्तर पर है। एडमिरल एक्विलिनो ने इंडो–पैसिफिक क्षेत्र पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को इस बारे में चेताया। एक्विलिनो ने कहा कि अक्टूबर 2021 में, चीनी संसद ने एक भूमि सीमा कानून बनाया। यह क्षेत्रीय अखंडता का दावा करता है। इसमें सीमा सुरक्षा में अधिक से अधिक पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) की तैनाती के लिए एक घरेलू कानूनी ढांचा है। उन्होंने कहा कि यह कानून 1 जनवरी, 2022 को प्रभावी हुआ, जो क्षेत्रीय विवादों को हल करने के लिए बल का उपयोग करने के बहाने पीआरसी के घरेलू कानून के उपयोग की इजाजत देता है। भारत–प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा सचिव एली रैटनर ने कहा कि अमेरिका भारत–चीन सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा से जुड़े घटनाक्रमों को बारीकी से देख रहा है। कांग्रेसी एंडी किम के एक सवाल के जवाब में रैटनर ने कहा कि भारत को एलएसी पर चीन से कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। एक्विलिनो ने लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प का जिक्र करते हुए कहा कि इस झड़प में 20 भारतीय सैन्यकर्मियों की मौत हो गई थी। इसके बाद पिछले साल फरवरी में चीन ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया था कि भारतीय सेना के साथ संघर्ष में पांच चीनी सैन्य अधिकारी और सैनिक मारे गए थे। हालांकि माना जाता है कि चीन की मृतक संख्या इससे काफी ज्यादा थी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

घर बड़ा हो या छोटा, अगर मिठास न हो तो इंसान तो क्या, वहां चींटियां भी नहीं आती हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# रूस–यूक्रेन महायुद्ध : आखिर कब तक चलेगा संघर्ष

संयुक्त राष्ट्र युद्ध करने के लिए नहीं बना है, वह इसलिए बना है कि किसी भी तरह के संकट की स्थिति में कूटनीतिक हल निकाला जाए। यूक्रेन संकट के बीच भारत संयुक्त राष्ट्र में बातचीत से हल निकालने की बात ही तो कर रहा है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ आए प्रस्ताव पर मतदान के दौरान भारत तीनों बार अनुपस्थित रहा और उसने दोनों पक्षों से बातचीत के जरिये इसका हल ढूंढ़ने की अपील की है। इसके जरिये भारत ने विदेश नीति के मसले पर एक ऐसी पहल की है, जो भारत के दृष्टिकोण को बहुत बेहतर तरीके से व्यक्त करती है। इससे स्पष्ट है कि भारत न तो रूस के साथ है, न अमेरिका के साथ और न ही यूरोपीय देशों के साथ।

यूरोपीय देशों में अभी जो स्थिति बनी है, वह भयावह होती जा रही है। हमारे देश के बहुत से बच्चे अब भी यूक्रेन में फंसे हुए हैं, इसलिए एक तरह से भारत भी इससे जुड़ा हुआ है। भारत समेत दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर इसका बहुत बुरा परिणाम पड़ने वाला है। शेयर बाजार पूरी तरह से अस्थिर हो गया है। महंगाई लगातार बढ़ती चली जा रही है। जिन लोगों को पेंशन नहीं मिलती है, उनके लिए तो परेशानी है ही, जिन लोगों को पेंशन मिलती है, उनके लिए भी महंगाई बढ़ने के कारण मुश्किल बढ़ जाएगी।

भारत ने जो फैसला किया है, वह इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए ही फैसला लिया है। मौजूदा स्थिति में पता नहीं चल पा रहा कि यह युद्ध कब तक चलेगा। पश्चिम और नाटो देशों ने यूक्रेन एवं रूस को ऐसे कगार पर खड़ा कर दिया कि उन्हें युद्ध करना पड़ रहा है। ऐसे में भारत ने बातचीत के जरिये शांति की जो पहल की है, वह जरूरी है। भारत ने युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से न जुड़े अन्य देशों को भी एक नई दिशा दिखाई है कि वे भारत के साथ जुड़कर बातचीत से समस्या के समाधान का दबाव बनाएं। सभी रूस को समझाएं कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है, दोनों देश आपस में सुलह करें और जब तक सुलह हो नहीं जाती, तब तक मानवीय कानूनों का पूरी तरह से पालन करें। निर्दोष लोगों, सेना और अर्थव्यवस्था पर इसके जो बुरे परिणाम हो रहे हैं, वे खत्म हों और कम से कम हों।

अमेरिका और अन्य नाटो देशों ने यूक्रेन की मदद करने की बात की है कि हम आपको हथियार देंगे, आप लड़िए, लेकिन यह तो कोई अच्छी बात नहीं है। भारत ने रूस को यह तो नहीं कहा है कि आपने यूक्रेन पर हमला करके अच्छा किया है। ऐसे में कैसे कहा जा सकता है कि भारत ने रूस का पक्ष लिया है? भारत ने सिर्फ शांति का पक्ष लिया है। हमने इसलिए शांति का पक्ष लिया है, क्योंकि हमने युद्ध की, आतंकवाद की विभीषिका झेली है।

मुझे नहीं लगता कि भारत के मौजूदा रुख से भारत–अमेरिका के रिश्ते पर असर पड़ना चाहिए, लेकिन ऐसी कोशिशें हो रही हैं। बहुत से लोग हैं, जो नहीं चाहते कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते बेहतर रहें। चीन के साथ भी हमारे रिश्ते उतने खराब नहीं थे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी काफी प्रयास किया कि चीन के साथ रिश्ते और बेहतर हों, लेकिन हमने देखा कि चीन के अपने ही अलग तेवर थे। उसकी महत्वाकांक्षा महाशक्ति देश बनने की है। इसके लिए जरूरी है कि अपने अड़ोस–पड़ोस के देशों और उससे संबंधित पुराने समझौतों को दबाया जाए। उसकी वजह से हमें क्वाड में शामिल होना पड़ा। ऐसा नहीं था कि हम क्वाड के माध्यम से कोई नया रणनीतिक समीकरण बनाना चाहते थे, कि चीन के ऊपर हम हमला करें। भारत यही कहता रहा कि चीन आक्रामक होने के बजाय शांति के मार्ग पर चले और अपने पड़ोसी देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करे। हिंद–प्रशांत क्षेत्र में भी हम यही कहते रहे कि सभी देशों के लिए कानून के अनुसार मुक्त आवाजाही का मार्ग मिले। दूसरी बात, हम चीन की वजह से क्वाड में शामिल हुए, रूस की वजह से नहीं। हम हमेशा यह कहते रहे हैं कि रूस के साथ हमारे रिश्ते अच्छे हैं। और अब अगर रूस और चीन साथ में मिल जाते हैं, तो उससे हमें नुकसान ही होगा। इसलिए हम खुलकर रूस का विरोध नहीं करना चाहते हैं। हथियारों के लिए हम रूस पर निर्भर हैं, हालांकि इस मामले में हमारी निर्भरता घट रही है। लेकिन अन्य देशों से जरूरत के हिसाब से हथियार आपूर्ति न होने की वजह से हमें रूस के साथ हथियारों के लिए नए–नए अनुबंध करने पड़ते हैं।

भारत संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधित्व बढ़ाने और अपनी बड़ी भूमिका की बात करता आया है। लेकिन यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में भारत का जो रुख है, उससे थोड़े समय के लिए भारत की भावी योजना और महत्वाकांक्षा पर निश्चित रूप से इसका असर पड़ सकता है। भारत की घरेलू राजनीति में भी और अमेरिका व नाटो के भीतर भी ऐसी बहस चल रही है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ मतदान करने के बजाय अनुपस्थित रहकर ठीक काम नहीं किया है। लेकिन मुझे विश्वास है कि इसके दूरगामी परिणाम बुरे नहीं होने चाहिए, क्योंकि भारत वही काम कर रहा है, जिसके लिए संयुक्त राष्ट्र बना है।

संयुक्त राष्ट्र युद्ध करने के लिए तो नहीं बना है, वह इसलिए बना है कि किसी भी तरह के संकट की स्थिति में उसका कूटनीतिक हल निकाला जाए। और भारत संयुक्त राष्ट्र के भीतर यही कह रहा है कि बातचीत से हल निकाला जाए। द्वितीय विश्वयुद्ध के जो विजेता देश थे, वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता लेकर बैठ गए। जबकि पिछले 75 वर्षों में जितने भी हमले हुए हैं और जितनी बर्बादी हुई है, वह अधिकतर विकासशील देशों में हुई है, जो स्थायी सदस्य नहीं हैं। इसलिए भारत जैसे लोकतांत्रिक देश को, जो हमेशा शांति के पक्ष में और विकासशील देशों के हित में बात करता रहा है, स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने जहां कहीं भी शांति सेना भेजी है, उसमें भारत ने अपने सैन्य जवान भेजे हैं।

कुछ लोग कह रहे हैं कि मौजूदा संकट में भारत, चीन और पाकिस्तान एक साथ खड़े हैं, लेकिन इसे दूसरी तरह से देखने की जरूरत है। भारत एक बड़ी आबादी वाला देश है, जिसकी अपनी शांतिपूर्ण सभ्यता और संस्कृति रही है। चीन भी बड़ी आबादी वाला देश है और अपनी पुरानी सभ्यता का प्रतिनिधित्व करता है। पाकिस्तान ने अभी जो रुख अपनाया है, वह चीन, रूस तथा अन्य इस्लामी देशों, जहां नाटों के कारण अब तक सर्वाधिक बर्बादी हुई है, के साथ अपने रिश्तों के कारण लिया है। इसलिए अलग–अलग वजहों से ये देश आज एक साथ खड़े दिखते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने किया अंतर्जनपदीय लूट , चोरी , नकबजन गिरोह का भंडाफोड़'

शाहजहाँपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार जनपद मे अपराधों की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे प्रभावी अभियान एवँ अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुयी। वता दे बुधवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे मुखबिर की सूचना पर एस ओ जी एवँ थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के गाँव बाडीगावं जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुलिस ने जिले के थाना सदर बाजार के मोहल्ला ब्रजविहार निवासी शिवम मिश्रा एवँ थाना सिंधौली क्षेत्र के गाँव महासिर निवासी अमन पाण्डे एवँ कस्बा सिंधौली के मोहल्ला किसान निवासी दीपक एवँ सूरज तथा रामबरन तथा कोतवाली पुवायां के गाँव बेला छेदा निवासी मोहित अवस्थी के अलावा थाना शाहाबाद के गाँव मिश्रीपुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से भारी मात्रा मे चोरी किये गये पीली धातु के आभूषण , चार बाइकें एवँ अवैध असलहा मय कारतूस तथा चाकू आदि बरामद किये गये । इस सम्बन्ध मे थाना रामचन्द्र मिशन पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है। आरोपियों ने पूँछतांछ करने पर बताया कि हम लोग रात्रि मे रेकी करके घरों मे घुसकर चोरी करते है। तथा रोड पर मौका देखकर मोबाईल , पैसा व पर्स छीन लेने के साथ मोटर साइकिल चोरी भी कर लेते है। वहीँ मोहित व दीपक ने बताया कि हम दोंनों लोग हरदोई बाईपास के पास अमन के निर्माणाधीन मकान पर रुकते है। तथा चोरी , लूट , छिनैती करके हरिद्वार भाग जाते है।

# निलंबित 12 भाजपा विधायकों में शामिल एक एमएलए पहुंचा विधानसभा : हंगामे के बाद कार्यवाही स्थगित

मुंबई ब्यूरो : महाराष्ट्र विधानसभा में गुरुवार को उस वक्त हंगामा हो गया, जब भाजपा के 12 निलंबित सांसदों में शामिल एक विधायक सदन में पहुंच गया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल की अवधि के दौरान स्थगित कर दी गई। महाराष्ट्र के 12 भाजपा विधायकों को मानसून सत्र के दौरान जुलाई 2021 में एक साल के लिए निलंबित किया गया था। गुरुवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही शिवसेना एमएलए भास्कर जाधव ने दावा किया कि भाजपा विधायक योगेश सागर सदन में मौजूद हैं। बता दें, 12 भाजपा विधायकों के निलंबन को हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अवैध व असंवैधानिक करार दिया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी भी विधायक का निलंबन अधिकतम चालू सत्र की शेष अवधि के लिए ही किया जा सकता है।आरंभिक रूप से जाधव ने कहा कि न्यायपालिका विधायिका के कामकाज में दखल नहीं दे सकती है। हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि वह विधायकों का निलंबन वापस लिए जाने के खिलाफ नहीं है। इसके साथ ही जाधव ने कहा कि वह उस प्रस्ताव का स्टेटस जानना चाहते हैं, जिसके जरिए इन्हें निलंबित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस साल के आरंभ में 12 भाजपा विधायकों का निलंबन खारिज कर दिया था। इसे निष्कासन व अयोग्य करार दिए जाने से भी घटिया बताया था। यह भी कहा था कि संबंधित सत्र की शेष अवधि के बाद तक के लिए निलंबन से लोकतांत्रिक व्यवस्था पर असर पड़ेगा। भाजपा विधायक योगेश सागर, संजय कुटे, आशीष शेलार, अभिमन्यु पवार, गिरीश महाजन, अतुल भटकलकर, पराग अलवानी, हरीश पिंपले, जयकुमार रावल, नारायण कुचे, राम सतपुते और कीर्तिकुमार भांगड़िया को पिछले साल तत्कालीन पीठासीन अधिकारी जाधव के साथ कथित दुर्व्यवहार के लिए निलंबित कर दिया गया था। गुरुवार को जाधव ने निलंबित विधायक




योगेश सागर के प्रश्नकाल के दौरान कार्यवाही में भाग लेने पर आपत्ति जताई। जाधव ने प्रक्रिया का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि एक साल का निलंबन पूरा होने से पहले विधायकों को सदन में प्रवेश करने की अनुमति कैसे दी गई? उन्होंने कहा कि विधानसभा ने विधायकों को निलंबित कर दिया और न्यायपालिका विधायिका की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। जाधव ने यह भी कहा कि विधायिका को इस मुद्दे पर खुद को मुखर करना चाहिए। विपक्ष के सदस्य और सत्ता पक्ष के सदस्य सदन के वेल में पहुंच गए। परिणामस्वरूप शोर–शराबा हुआ। इसके बाद डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल ने सदन को प्रश्नकाल के अंत तक के लिए स्थगित कर दिया। निलंबित विधायकों में शामिल आशीष शेलार ने कहा कि 89 पन्नों का अदालत का फैसला विधायिका के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं करता है। अदालत ने निलंबन की अवधि को अवैध और असंवैधानिक करार दिया है। शेलार ने कहा कि अदालत ने प्रस्ताव को अवैध और असंवैधानिक घोषित किया है। भाजपा विधायक ने कहा कि राज्य महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार के अहंकार के कारण विधायिका को शीर्ष अदालत में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। इस पर, महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री अनिल परब ने दावा किया कि प्रस्ताव को अवैध और असंवैधानिक नहीं बताया गया है, केवल निलंबन की अवधि पर सवाल उठाया गया है।

# हरदोई में विधानसभा बार प्रत्याशियों को मिले वोटों का विवरण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरदोई सदर सीट से भाजपा के नितिन अग्रवाल को 1लाख 25 हजार 785 मत मिले प्रतिद्वंदी सपा के अनिल वर्मा को 82 हजार 637 मत मिले वहीं बसपा के शोभित पाठक को 20 हजार 407 मतों में संतोष करना पड़ा।

गोपामऊ से भाजपा प्रत्याशी श्याम प्रकाश को 91 हजार 291 मत मिले वही सपा की राजेश्वरी देवी को 83 हजार 15 मत मिले जबकि बीएसपी के सर्वेश जनसेवा ने 31हजार 541 वोट प्राप्त किए।

शाहाबाद से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रजनी तिवारी को 94 हजार 325 मत मिले जबकि प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी आसिफ खान बब्बू को 87 हजार 452 मत मिले वही बहुजन समाज पार्टी के एवी सिंह को 35 हजार 330 मत प्राप्त हुए।

सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू को 01लाख14हजार 89 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी पदम राग सिंह को 88 हजार 029 मत मिले वही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी को 21 हजार 162 मत मिले जबकि कांग्रेस के राजवर्धन को 11 हजार 382 मत मिले।

सांडी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को 81 हजार 315 मत मिले वही प्रतिद्वंदी सपा की उषा वर्मा को 71 हजार 564 वोट मिले यहां बसपा के कमल वर्मा को 30 हजार 426 मत मिले।

बिलग्राम विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के आशीष सिंह आशु को 81 हजार 732 मत मिले वही प्रतिद्वंदी सपा के बृजेश कुमार को 56 हजार 155, कांग्रेस के सुभाष पाल को 52 हजार 284 तथा बहुजन समाज पार्टी के सतीश वर्मा को 35 हजार 569 मत मिले यहां मुकाबला चारों प्रत्याशियों के बीच कड़ा रहा।

बालामऊ विधानसभा सीट से भाजपा के रामपाल वर्मा को 81 हजार 823 वोट मिले प्रतिद्वंदी प्रत्याशी सपा के रामबली को 55 हजार 242 तथा बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी तिलक चंद्र को 42 हजार 424 मत मिले।

संडीला विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अलका अर्कवंशी को 01लाख एक हजार 377 मत मिले प्रतिद्वंदी बसपा के अब्दुल मन्नान को 64 हजार 254 वोट मिले जबकि समाजवादी पार्टी और सुभासपा के गठबंधन प्रत्याशी सुनील अर्कवंशी को 24 हजार 374 मत मिले।

इस तरह जिले की आठों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयश्री हासिल हुई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, व स्वालंबन पखवाड़े का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर० एल० पाण्डेय लखनऊ। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था व एच०सी०एल० फाउंडेशन के सहयोग से लखनऊ के 14 उच्च माध्यमिक विद्यालय 6 राजकीय विद्यालयों में मई वर्थ कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अगले दिन 5 उच्च माध्यमिक विद्यालयों (उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी , बेसिक माध्यमिक विद्यालय मड़ियावा , उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरा, उच्च माध्यमिक विद्यालय लाजपत नगर , उच्च माध्यमिक विद्यालय अमराई गांव ) मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों व अभिभावकों को महिला दिवस महत्त्व के बारे में बताया गया इसमें मुख्यतः निम्न गतिविधियां कराई गई। नुक्कड़ नाटक, न्यूट्रीशन थाली प्रतियोगिता, हेल्पलाइन नंबर, पावर वॉक गेम,श्लोक लेखन प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिता तथा सेल्फी प्वाइंट पर अपने आत्मविश्वास को उजागर कर फोटो लेकर महिला दिवस उत्सव का



समापन किया गया। इस कार्यक्रम मे विद्यालय प्रधानाचार्य सुमन कनौजिया , नसरीन फातिमा, पूनम लता जोहरी,उपमा देवी, शिखा चौधरी, वंदना सिंह , आई० डी०एस० कुशवाहा के अतिरिक्त विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे) ममता संस्था से कार्यक्रम प्रबंधक अनामिका सिंह,नेहा सिंह, दीक्षा सिंह, प्रवेश कुमार, सीमा रावत तथा अंजलि आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# निगम चुनाव टलने पर भड़के केजरीवाल, कहा– हार के डर से भाग रही है भाजपा

नई दिल्ली ब्यूरो : मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर इसे भाजपा को हार का डर करार दिया है। वहीं, दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग को केंद्र सरकार के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया है। सीएम ने सवाल किया कि क्या अब चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम करेगा? और क्या मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे? जबकि उपमुख्यमंत्री ने चुनावों को टालने के आयोग के कदम को लोकतंत्र की हत्या बताया है। दिल्ली नगर निगम चुनाव टलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा शासित केंद्र सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग पर हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर इसे भाजपा को हार का डर करार दिया है। वहीं, दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग को केंद्र सरकार के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया है। सीएम ने सवाल किया कि क्या अब चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम करेगा? और क्या मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे? जबकि उपमुख्यमंत्री ने चुनावों को टालने के आयोग के कदम को लोकतंत्र की हत्या बताया है। आयोग की तरफ से चुनाव की तिथि घोषित न करने की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा के इस षड्यंत्र का मुंहतोड़ जवाब देगी और एमसीडी में 260 सीटों के साथ आप की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया कि निगम चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। सीएम ने सवाल किया कि क्या अब चुनाव आयोग केंद्र सरकार के दबाव में काम करेगा? और क्या मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे? दूसरी तरफ उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि जब भाजपा, दिल्ली एमसीडी चुनावों में बुरी तरह हारती हुई नजर आ रही है तो उसने लोकतंत्र का गला घोटना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि भाजपा ने साम–दाम–दंड–भेद का प्रयोग कर चुनाव आयोग को घुटनों पर लाकर रेंगने को मजबूर कर दिया है। आयोग ने इसी से दिल्ली एमसीडी चुनावों की तारीख टाल दी। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि जब देश का चुनाव आयोग जिसके कंधों पर संविधान ने बाबा साहेब ने यह जिम्मेदारी दी कि वह समय पर निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाएगा, लेकिन उसी चुनाव आयोग ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। मनीष सिसोदिया के मुताबिक, लोकतंत्र के लिए आज एक दुर्भाग्यपूर्ण, खतरनाक व काला दिन है। तयशुदा कार्यक्रम के बावजूद आयोग ने चुनाव की तारीख घोषित नहीं की थी। अगर यही परंपरा रही तो भाजपा हार के डर से राज्यों के चुनाव टलवा देगी, मोदी जी हार के डर से लोकसभा के चुनाव टलवा देंगे। सिसोदिया का आरोप है कि बीते 15–17 सालों में दिल्ली एमसीडी में भाजपा के भ्रष्टाचार से त्राहि–त्राहि मची हुई है। इससे हर आदमी दुखी है। लोगों के गुस्से से भाजपा इतनी घबराई गई है कि चुनावों से भागती नजर आ रही है।

भाजपा चुनाव से नहीं डरती : आदेश गुप्ता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा है कि भाजपा कभी चुनाव से नहीं डरती। भाजपा का संगठन हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहता है। गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद चुनाव से डरे हुए हैं। क्योंकि उनकी सरकार की भ्रष्ट शराब नीति से जनता में उनके प्रति रोष है। गुप्ता ने यह भी कहा है कि दिल्ली की जनता भली भांति जानती है कि दिल्ली के तीनों नगर निगमों की समस्याओं को बढ़ाने में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार के राजनीतिक



द्वेष की बड़ी भूमिका है। भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने ट्वीट कर दिया मुख्यमंत्री का जवाब भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने ट्वीट कर दिल्ली के मुख्यमंत्री का एमसीडी चुनाव पर की गई टिप्पणी का जवाब दिया है। ट्वीट कर शायराना अंदाज में कहा कि बड़े नादां है वो जो करते है बुलंदी पे गुरुर इतना, हमने चढ़ते सूरज को भी ढलते हुए देखा है एमसीडी के फंड से अपना चेहरा चमकाने के बाद दिल्ली के ठेके दार ज्ञान बांट रहे है। दूसरे ट्वीट में गंभीर ने कहा कि केजरीवाल जी ने भगवंत मान के साथ ज्यादा... कोई बात नहीं एमसीडी चुनाव भी होगा और आपका नशा भी उतारा जाएगा। हार से बचने के लिए चुनाव टालना चाहती हैं दोनों पार्टियां : कांग्रेस नगर निगम चुनावों के मामले में दिल्ली कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि संभावित हार से बचने के लिए दोनों पार्टियां चुनाव टालना चाहती हैं। कांग्रेस ने दिल्ली में नगर निगम चुनावों को निर्धारित समय पर करवाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के जिला कार्यकर्ता सम्मेलनों में कार्यकर्ता बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। निगम चुनावों के लिए सभी वार्डों में बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे हैं। तो मुख्यमंत्री की टक्कर में होगा नगर निगम का मेयर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कद इतना बड़ा हो गया है कि प्रदेश भाजपा टक्कर देने की स्थिति में नहीं है। यहां तक कि प्रदेश भाजपा के उठाए गए संजीदा सवालों पर भी मुख्यमंत्री का जवाब नहीं आता। प्रदेश का सियासी एजेंडा मुख्यमंत्री तय करते हैं और उनकी पिच पर भाजपा नेता उतरने को मजबूर हो जाते हैं। दिल्ली में आप की रणनीति कुछ वैसी है, जैसी केंद्र में भाजपा की। एकीकृत निगम होने के बाद केंद्र सरकार की योजनाओं को भी लागू कराने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में भी लागू करने में परेशानी नहीं होगी। इन योजनाओं से भाजपा को एक बड़े वोट बैंक पर कब्जा होने की उम्मीद भी है। जानकार मान रहे हैं कि एमसीडी को एक करने के पीछे आप की बढ़त को सीमित करने की रणनीति है। दिल्ली में जब एक मेयर होगा और संविधान से उसे ताकत मिलेगी तो उनकी आवाज मुख्यमंत्री के बराबर होगी। अभी तीनों निगमों की समस्याएं अलग–अलग होने से उनके मेयर की एक आवाज नहीं बन पाती। केंद्र सरकार अगर तीनों एमसीडी को एक करती है तो दिल्ली का एक मेयर होगा और एक स्थायी समिति का अध्यक्ष। इस तरह से एमसीडी की सत्ता भी केंद्रित होगी। इससे भाजपा को भी दिल्ली के मुख्यमंत्री के बराबर के कद का नेता मिल जाएगा। उधर, एमसीडी बराबर आरोप लगाती है कि दिल्ली सरकार फंड रोक कर रखती है। ऐसे में दिल्ली का विकास संभव नहीं हो पाता है। जब एकीकृत एमसीडी थी तो फंड की कमी नहीं थी। ऐसा इसलिए था कि दक्षिणी दिल्ली व उत्तरी दिल्ली एमसीडी से जो भी फंड इकट्ठा होता था उसे पूर्वी दिल्ली एमसीडी को भी समान रूप से वितरित किया जाता है। एकीकृत एमसीडी के स्थायी समिति नेता का पद शक्तिशाली होता था एमसीडी जब एकीकृत थी, तब स्थायी समिति के नेता का पद काफी पॉवरफुल होता था। कांग्रेस के दिग्गज नेता राम बाबू शर्मा जब एकीकृत एमसीडी स्थायी समिति के अध्यक्ष थे तो वे तत्कालीन मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना और अपनी ही पार्टी की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित से कम अधिकार नहीं रखते थे। इसी तरह भाजपा की मेयर शांति देसाई का कद भी तत्कालीन दिल्ली के मुख्यमंत्री से कम नहीं था। 15 साल की सत्ता विरोधी लहर का भी डर सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2007 में एकीकृत नगर निगम और उसके बाद वर्ष 2012 व 2017 में तीनों नगर निगमों के चुनाव में भारी जीत हासिल करने वाली भाजपा के नेताओं को इस बात का भी डर है कि इस बार जीत मुश्किल न हो जाए। इसकी बड़ी वजह 15 साल की सत्ता विरोधी की लहर मानी जा रही है। अब अगर भाजपा एमसीडी चुनाव हारती है तो निगम के नेताओं के साथ भाजपा के सातों सांसदों की कार्यशैली पर भी सवाल उठेंगे।

## थाना बदलापुर पुलिस व एसटीएफ टीम द्वारा 25000 रूपये का इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना बदलापुर पुलिस व एसटीएफ टीम द्वारा धारा–399/402/307 भादवि के वांछित 25000/ रूपये का इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक अजय साहनी जनपद जौनपुर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशानिर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत एस.टी.एफ टीम वाराणसी द्वारा थाना स्थानीय के मु0अ0सं0–355/ 21 धारा–399/402/307 भादवि के वांछित व 25 हजार इनामिया अभियुक्त हेमन्त कुमार सिंह उर्फ पिंकू पुत्र स्व0 हरिहर सिंह नि0 ग्राम आसपुर देवसरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ को मुखबिर की सूचना पर बदलापुर चौराहे से 100 मीटर पहले स्थान पर दिनांक 09.03.22 गिरफ्तार थाना स्थानीय पर दाखिल किया गया। विधिक अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–1.हेमन्त कुमार सिंह उर्फ पिंकू पुत्र स्व0 हरिहर सिंह नि0 ग्राम आसपुर देवसरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ।अपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0–351/21 धारा–392 भादवि थाना सराजख्वाजा जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–357/21 धारा–392/506 भादवि थाना सरायख्वजा जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–355/21 धारा–307/399/402 भादवि थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1.प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिह एस.टी.एफ वाराणसी। 2.उ0नि0 शमशेर बहादूर सिंह एस.टी.एफ वाराणसी। 3. उ0नि0 मनीष श्रीवास्तव एस.टी.एफ वाराणसी। 4.हे0का0 अरबिंद पाठक एस.टी.एफ वाराणसी।5.हे0का0 शहाबुद्दीन अन्सारी एस.टी.एफ वाराणसी। 6.का0 अजय जयसवाल एस.टी.एफ वाराणसी। 7.का0 चालक राजेश उपाध्याय एस.टी.एफ वाराणसी।




## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा संगठन द्वारा महिलाओं को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा संगठन द्वारा महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम महिला शाखा की वरिष्ठ कार्यकर्ता शैल साहू के आवास पर पर आयोजित किया गया। जहां सभा को महिला कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान काफी संख्या में महिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं ने कहा कि आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के और यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यकाल में महिलाओं को जितना सम्मान मिला और जितना महिलाएं आगे बढ़ी हैं उतना आज तक किसी के शासन में नहीं हुआ था आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और वह अपने अंदर सुरक्षा की भावना भी महसूस कर रही हैं हम सभी को एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना है जिसमें हम सभी महिलाओं का अधिकार सुरक्षित है।



इस अवसर पर राखी सिंह द्वारा समस्त महिलाओं को ट्राफी देकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप वंदना सरकार जी, अंजू पाठक विमला श्रीवास्तव सीमा तिवारी प्रियंका श्रीवास्तव करुणा मौर्य ,अंजू शर्मा माधुरी , गुप्ता आदि उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन राखी सिंह ने किया।

## सोशल मीडिया पर पत्रकारों के लिए अश्लील भाषा के शब्दों का प्रयोग करने पर जनपद के पत्रकारों में भारी आक्रोश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के एक व्यक्ति जयमंगल यादव की फेसबुक आइडी से पत्रकारों को लिए अश्लील भाषा का प्रयोग कर पत्रकारों के लिए लिखा गया जिसके कारण जिले के पत्रकारों में भारी रोष है वही इस सम्बन्ध में उक्त व्यक्ति के खिलाफ पत्रकारों का एक समूह द्वारा जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में नगर मजिस्ट्रेट को उक्त व्यक्ति के खिलाफ एक पत्र सौपा गया हैं जिसके खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित हो, जिससे भविष्य में पत्रकारों के लिए अश्लील भाषा का प्रयोग किसी द्वारा करने के पहले सौ बार सोचेगा, आपको बता दें कि जिले का एक व्यक्ति जयमंगल यादव जो उत्तर प्रदेश फायर ब्रिगेड पुलिस विभाग के तैनात एक पुलिस कर्मी अमरजीत यादव का चचेरा भाई बताया जा रहा हैं जो पुलिस विभाग में फैजाबाद तैनात रहे उनकी रिवाल्वर लेकर एक फोटो भी फेसबुक पर वायरल कर चुका है जिसके खिलाफ आज तक उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई लगता है इस लिए भी कार्यवाही नहीं हुई होगी की जयमंगल यादव एक पुलिस कर्मी का चचेरा व छोटा भाई हैं यही कारण विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हो सकी जो जांच का विषय हैं, वही देखा जा सकता है कि प्रदेश में असलहा प्रदर्शन में न जाने कितने लोगों पर अनगिनत मुकदमा दर्ज हो चुका है,



तो आखिर उक्त व्यक्ति जयमंगल यादव पर जनपद पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं सुनिश्चित हो सकी, और वह मनबढ़ व्यक्ति का दुस्साहस देखा जा सकता है कि किस कदर बढ़ रहा है कि जनपद के पत्रकारों के लिए सोशल मीडिया पर अश्लील शब्दों से नवाज रहा हैं, जो अति शर्मनाक कृत्य हैं जो माफी के योग्य नहीं है, जिसके खिलाफ जिले के पत्रकारों ने प्रशासन को उक्त व्यक्ति के खिलाफ एक पत्र सौपा,उक्त मामले में जनपद के पत्रकारों में सुशील कुमार स्वामी, नौशाद अलि, शमशी अजीज, अविनाश कुमार, मनीष श्रीवास्तव, तामीर हसन शीबू, चन्द्रमोहन डा. हरी प्रसाद मौर्या, अब्दुल हलीम, सोनू शेख, सुनील श्रीवास्तव, जुबेर अहमद, अनवर हुसैन, रविन्द्र कुमार मिश्रा, मंगला तिवारी, शब्बीर हैदर, राकेश कुमार शर्मा, प्रकाश शर्मा, संजय शुक्ल, अरुन श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, आदि भारत संख्या में पत्रकार उपस्थित रहें।

## धार्मिक टैटू हटाए जाने पर केंद्र व एसएसबी उम्मीदवारी पर करे विचार

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के हाथों पर धार्मिक टैटू होने पर हेड कांस्टेबल के पद पर अनफिट करार दिए जाने के मामले में राहत प्रदान की है। हाईकोर्ट ने केंद्र और एसएसबी को निर्देश दिया है कि यदि उम्मीदवार धार्मिक टैटू को हटा देते हैं तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जाना चाहिए। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा की खंडपीठ ने अवनीश कुमार व दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची व दो अन्य अभ्यर्थी एसएसबी में हेड कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा में शामिल हुए थे। मई 2021 में घोषित परिणाम में उन्हें सफल घोषित किया गया। याचिकाकर्ता टाइपिंग टेस्ट के लिए उपस्थित हुए और उन्हें 17 सितंबर 2021 को टाइपिंग टेस्ट में भी सफल घोषित किया गया। इसके बाद जब 13 नवंबर 2021 को उनकी चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें वे स्वस्थ पाए गए। लेकिन उनके दाहिने हाथों के अग्रभाग में एक निश्चित हिस्से पर धार्मिक टैटू बने हुए थे। इस कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। टैटू हटाने केलिए उन्हें कोई मौका नहीं दिया गया था। टैटू हटाने के बाद किया आवेदन, लेकिन नहीं हुआ विचार बाद में उम्मीदवारों ने टैटू हटकार एसएसबी के समक्ष अभ्यावेदन दिया लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। अभ्यर्थियों ने मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ताओं के वकील का तर्क था कि याचिकाकर्ताओं ने अभ्यावेदन के जरिए आग्रह किया था कि यदि उन्हें एक अवसर प्रदान किया जाता है तो वे टैटू हटा देंगे और उसके बाद याचिकाकर्ताओं का चिकित्सकीय परीक्षण फिर से किया जा सकता है। इसके जवाब में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल का कहना था कि जहां तक टैटू हटाने का संबंध है, प्रतिवादी उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच के फैसले से बाध्य होंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि दो याचियों को मायोपिया और व्यापक टेनिया वर्सिकलर भी था। उन्हें तभी समायोजित किया जा सकता है, जब वे इस रोग से मुक्त हों। कोर्ट ने कहा कि यदि याचिकाकर्ताओं के टैटू हटा दिए जाते हैं तो उस विशेष विकलांगता को मंत्री पदों पर चयन के लिए बाधा नहीं माना जा सकता है, जिसके लिए याचिकाकर्ताओं ने आवेदन किया है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर दो याजियों में कोई विकलांगता थी जो प्रतिवादियों के अनुसार प्रकृति में स्थायी थी तो उन पर विचार नहीं किया जा सकता है।

## सपनों में दिखे सलमान खान तो संजो लिया शादी का अरमान

मुरादाबाद ब्यूरो : एक युवती बृहस्पतिवार को महिला थाने पहुंची और वह अभिनेता सलमान खान से शादी करने की जिद पर अड़ गई। उसने थाना प्रभारी से कहा था कि सलमान खान उनके सपनों में आते हैं। उनको यहां बुलाइए और उनसे मेरी शादी करा दीजिए। इसके बाद ही वह घर जाएगी। सूचना मिलने पर परिजन आ गए और वो युवती को अपने साथ ले गए। महिला थाना प्रभारी शर्मिला शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर वह अपने कक्ष में बैठकर शिकायतें सुन रही थीं। इसी दौरान बुर्का पहने एक युवती थाने में आई। पहले तो वह थाने में घूमती रही। इसके बाद थाना प्रभारी के कक्ष में पहुंची। यहां पहले से दो और महिलाएं मौजूद थीं, जिन्हें देखकर युवती वापस चली गई। कुछ देर बाद फिर से युवती आई और उसने थाना प्रभारी को एक प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें लिखा था कि अभिनेता सलमान खान उसके सपनों में आते हैं। वो उनसे शादी करना चाहती है। महिला थाना प्रभारी ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवती सलमान से शादी करने को अड़ गई। युवती की काउंसलिंग की गई। तब उसने अपने और अपने परिवार के बारे में जानकारी दी। युवती ने बताया कि वह अमरोहा के बछरायूं थानाक्षेत्र के गांव की रहने वाली है। कई साल से वह सलमान से प्यार करती है। सलमान भी उसके सपनों में आते हैं। वह सलमान खान से ही शादी करेगी। थाना प्रभारी शर्मिला शर्मा ने बताया कि युवती से उसके भाई का मोबाइल नंबर लिया, तब भाई से बात कर उन्हें थाने में बुला लिया गया। युवती को उसके भाई व अन्य परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

## बौनेरे तिराहे से एटा चुंगी चौराहे तक रहेगा नो ट्रैफिक जोन

अलीगढ़ ब्यूरो : धनीपुर मंडी में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर एटा चुंगी से लेकर बौनेर तिराहा तक नो ट्रैफिक जोन रहेगा। इस दौरान धनीपुर मंडी की ओर आने वाले सभी रास्ते बंद रहेंगे। केवल मतगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों, कार्मिक, प्रत्याशियों व एजेंट को ही आवागमन की छूट होगी। इसके लिए पांच बैरियर बनाए गए हैं। इनमें एटा चुंगी, थाना गांधीपार्क से पहले, मंडी गेट से करीब 200 मीटर ओजोन सिटी कट पर, ओजोन सिटी कट से जीटी रोड पर बौनेर की ओर व बौनेर तिराहा शामिल हैं। मतगणना कार्य को लेकर सुबह चार बजे से लेकर मतगणना समाप्ति तक शहर में यातायात व्यवस्था व डायवर्जन किया जाएगा। जिसमें कानपुर, एटा, आगरा, मथुरा व दिल्ली की ओर से आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन, रोडवेज बसें प्रतिबंधित रहेंगी। यह वाहन बाईपास होकर गंतव्य को जा सकेंगे।

## उत्तर प्रदेश के हित में जनता जनार्दन ने भाजपा प्रत्याशियों को जिताया : अनुराग श्रीवास्तव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश सहित हरदोई में आठों सीट पर प्रचंड बहुमत से जीत पर आज अनुराग श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चित्रगुप्त धाम सेवा ट्रस्ट, भाजपा नेता गोपाल त्रिपाठी,सौरभ सक्सेना सहित विधायक रजनी तिवारी एवं सभी कार्यकर्ताओं



को मुँह मीठा कराकर जीत की बधाई दी। इस मौके पर भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने कहा कि यह जीत देश हित में है प्रभु श्रीराम जी के लिए लड़ने वाले योगी आदित्यनाथ की जीत है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत है।जिन पर जनता ने भरोसा जताया और पुनः उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी। सभी सम्मानित मतदाताओं का बहुत बहुत आभार व्यक्त करते हुए पुनः सभी प्रत्याशियों को जीत की बधाई देते हैं। इस मौकधे पर अखिल सिंह चंदेल, कुलदीप श्रीवास्तव, मुदित बाजपेयी, आयुष सिंह, अप्पू मिश्रा, गजेंद्र सिंह, अजय सिंह सहित लोग मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत की सरकार बनने पर व्यापारियों में खुशी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने पर प्रदेश के व्यापारियों में अपार खुशी व्याप्त हुई उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में व्यापारियों ने भाजपा की जीत का जश्न मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र





मोदी ,गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, केशव प्रसाद मौर्या को जीत की बधाई दी व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा भारतीय जनता पार्टी की जीत में सबसे बड़ा योगदान व्यापारियों का है इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी,ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती उपाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा , ट्रांस गोमती उपाध्यक्ष उदय कांत श्रीवास्तव, नगर महामंत्री विजय कनौजिया, नगर उपाध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल ,प्रभाकर श्रीवास्तव, उमाकांत गुप्ता, दुर्गेश पांडे सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## तम्बाकू और सिगरेट हानिकारक पदार्थ, इसके सेवन से पैदा होते हैं कई रोग – सीएमओ

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में नो स्मोकिंग–डे पर बुधवार को हस्ताक्षर अभियान और गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता कर रहीं मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने इस दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दिन दुनियाभर में धूम्रपान न करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही इस बारे में जागरूकता पैदा की जाती है। उन्होंने कहा कि इस दिन के आयोजन का उद्देश्य लोगों को धूम्रपान के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना है। तंबाकू और सिगरेट पाए जाने वाले हानिकारक पदार्थ के सेवन से कई रोग होते हैं। अधिक सेवन से हृदय रोग, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां भी हो जाती हैं। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ राजीव कुमार ने बताया कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य सिगरेट या अन्य तरीकों से तम्बाकू सेवन के तरीकों के हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में लोगों में जागरूकता करना है। धूम्रपान की बुरी आदत से छुटकारा पाने में धूम्रपान करने वालों की मदद करना महत्वपूर्ण संदेश है। धूम्रपान छोड़ने के लिए दुनियाभर के लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष मार्च के दूसरे बुधवार को नो स्मोकिंग डे के रूप में मनाया जाता है। धूम्रपान या चबाने वाला तम्बाकू बुरी आदतों में से एक है जिसे कोई भी अपना सकता है। स्वास्थ्य का जोखिम सभी के लिए होता है। 12 से 17 वर्ष की आयु के हजारों युवा अभी भी प्रत्येक दिन धूम्रपान की शुरुआत कर



रहे हैं। धूम्रपान से हृदय रोग, ब्रोंकाइटिस, न्यूमोनिया, स्ट्रोक, मधुमेह और कई प्रकार के कैंसर जैसी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। इनमें से मुख का कैंसर तो आम है जिसके चलते अकाल मृत्यु तक हो जाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में 20 लाख लोगों की मौत तम्बाकू सेवन के कारण होने वाली बीमारियों की वजह से हुई है। इनमें मधुमेह, कैंसर, रक्तचाप, हृदय आदि की बीमारियां शामिल हैं। पूरे देश में 37 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं जिसमें से 12 प्रतिशत लोग धूम्रपान करते हैं। इसमें से भी पांच प्रतिशत सिगरेट तथा बाकी 60 प्रतिशत बीडी, सिगरेट, सिगार आदि का सेवन करते हैं। एसीएमओ डॉ सत्य नारायण हरिश्चंद्र ने बताया कि तम्बाकू सेवन से कोरोना वायरस फैलने का भी खतरा बढ़ जाता है। अंत में सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने सभी को तम्बाकू मुक्त महाभियान में सच्चे मन से सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए शपथ दिलाई। इस मौके पर एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा, डॉ नरेंद्र सिंह, जय प्रकाश गुप्ता, विनोद मौर्या के साथ स्वास्थ्य विभाग के तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आगरा में व्यापारी की पत्नी–बेटी की हत्या : पांच बदमाशों ने घर में की लूटपाट

आगरा ब्यूरो : आगरा जिले के बाह कस्बे में बदमाशों ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। बुधवार देर रात बाह के गली कल्याण सागर निवासी व्यापारी उमेश पैंगोरिया के घर में घुसे बदमाशों ने उनकी पत्नी और बेटी की हत्या कर दी गई। इसके बाद घर में रखा सामान लूट ले गए। दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी पर फोर्स के साथ एसएसपी मौके पर पहुंच गए। जांच के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। जानकारी के मुताबिक उमेश पैंगोरिया की फुटवियर विक्रेता हैं। कस्बे में उनका दो मंजिला मकान है। बुधवार रात को उमेश पैंगोरिया नीचे वाले कमरे में सोए थे। उनकी पत्नी कुसमा देवी (60), बेटी सविता गुप्ता (40), सविता का बेटा अनुज (11) पहली मंजिल पर बने कमरे में सोए थे। देर रात छत से बदमाश उनके घर में घुस गए। बदमाशों ने कुसमा देवी और सविता की हत्या कर दी। इसके बाद कमरा में रखा काफी सामान लूट ले गए। बदमाशों के जाने के बाद मासूम ने दी सूचना बदमाशों के जाने के बाद अनुज ने नीचे आकर अपने नाना को घटना की सूचना दी। जब वह ऊपर पहुंचे कुसमा और सविता मृत मिलीं। कमरे में सामान बिखरा हुआ था। सूचना मिलते ही थाना पुलिस पहुंच गई। वारदात के चश्मदीद अनुज ने बताया कि घर में पांच बदमाश घुस थे। अनुज ने



किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई। डकैती और दोहरे हत्याकांड से कस्बे में सनसनी फैल गई। तमाम लोग व्यापारी के घर पर जुट गए। एसएसपी ने चार टीमें जांच में लगाईं घटना के संबंध में एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मुंह दबाकर मां–बेटी की हत्या की गई है। डॉग स्क्वायड और फॉरेसिंक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। घटना का खुलासा करने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। उधर, जानकारी मिली है कि व्यापारी ने छह महीने पहले जरार में 27 लाख रुपये में अपना प्लॉट बेचा था। उनकी बेटी तलाकशुदा है। वह अपनी बेटे के साथ यहीं रहती थी।

## अब चालान न भरने वालों की खैर नहीं : बिना भुगतान नहीं होगा वाहन का बीमा

नई दिल्ली ब्यूरो : अब चालान न भरने वालों की खैर नहीं है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने चालान नहीं भरने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ाने की तैयारी कर ली है। अब वाहन चालान को वाहन के बीमा से जोड़ा जाएगा। वाहन मालिक ने चालान जमा नहीं कराया गया है तो उसके वाहन का नया बीमा नहीं होगा। ऐसे में वाहन मालिकों को किसी तरह की दुर्घटना होने पर बड़ी परेशानी होगी। ट्रैफिक पुलिस ने इसका प्रस्ताव दिल्ली सरकार को भेजा है। मंजूरी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। देखने में ये आता है कि वाहनों के चालान होते रहते हैं और वाहन मालिक चालान नहीं भरते हैं। ऐसे में वाहन मालिकों के कई–कई चालान महीनों लंबित पड़े रहते हैं। पिछले साल 2021 के ऑकड़ों के अनुसार कुल काटे गए चालानों में से महज 10 प्रतिशत ही जमा हो पाए हैं। साल 2021 में रेड लाइट जपिंग, ओवर स्पीडिंग, स्टॉप आदि के कुल चालान 5091592 काटे गए थे, जिनमं से सिर्फ 571479 चालान ही जमा किए गए हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी (आधुनिकीकरण) एसके सिंह के अनुसार ये देखने में आता है कि लोग चालान या तो भरते ही नहीं है या फिर समय से नहीं भरते है। इस समय दिल्ली ट्रैफिक द्वारा काटे गए करीब एक करोड़ 13 लाख चालान हैं जो भरे गए नहीं है। लोगों में चालान न भरने की आदत बनी जा रही है। डीसीपी एसके सिंह ने बताया कि लोगों से अब चालान भरवाने के लिए वाहन के इंश्योरेंस को वाहन के चालानों से जोड़ा जाएगा। जब तक वाहन मालिक चालान नहीं भरेगा तब तक लोग वाहन का न तो इंश्योरेंस होगा और न ही इंश्योरेंस का नवीनीकरण होगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इसके लिए दिल्ली सरकार को पत्र लिखा है। दिल्ली सरकार दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को लिखित जवाब दिया है कि इस मामले में अधिकारियों से बात की जा



रही है और जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसके सिंह मानते हैं कि दिल्ली सरकार जल्द ही इंश्योरेंस को वाहनों के चालानों से लिंक कर देगी। दिल्ली सरकार ये भी करने जा रही है कि ऐसे वाहन मालिक जिनके चालान लंबित हैं या जिन्होंने चालान नहीं भरा है, उन्हें पॉल्यूएशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट और परमिट जैसे दस्तावेज नहीं दिए जाएंगे। ऐसे भर सकते हैं चालान जिन लोगों ने चालान नहीं भरे हैं वह ऑनलाइन चालान जमा कर सकते है। .वर्चुअल कोर्ट में भी चालान जमा कराए जा रहे हैं। लोक अदालतों में भी चालान भरे जा सकते हैं। 12 मार्च को लोक अदालत लगाई जाएगी। .इसके अलावा अगर रास्ते में या किसी चौराहे पर चालान जमा करने वाली मशीन लेकर कोई जेडो या ट्रैफिक कर्मी खड़ा मिलता है तो उसे पैसा देकर ट्रैफिक चालान जमा करवाया जा सकता है। गलत चालान आने पर क्या करें कई बार लोगों को गलत चालान आ जाते हैं। लोग दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट पर जाकर वाहन नंबर समेत चालान नंबर के साथ–साथ अन्य दस्तावेजों से जुड़ी जानकारी लिखकर मेल कर दें। इसके अलावा गलत चालान की सूचना हेल्पलाइन नंबर1095 या फिर 011–25844447, 011–25844444, 23914049 पर भी संपर्क कर बता सकते हैं।

# भाजपा की सत्ता में वापसी के रहे ये चार आधार : पीएम मोदी बने सबसे बड़े सूत्रधार

देहरादून एजेंसी : उत्तराखंड में भाजपा की सत्ता वापसी की चार प्रमुख वजह बनीं। सियासी जानकारों का मानना है कि पहली वजह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति उत्तराखंड के जनमानस का लगाव है। चुनाव में बेशक मोदी लहर नहीं थी, लेकिन प्रचार से लेकर मतदान के दौरान मोदी एक बड़ा फैक्टर थे। दूसरी, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं और बुजुर्गों का मोदी के प्रति स्नेह और सम्मान माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि महिलाओं और बुजुर्गों ने मोदी के चेहरे पर मतदान किया। तीसरी प्रमुख वजह केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार से कराए गए अवस्थापना विकास से जुड़े कार्य हैं। चौथी वजह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सक्रियता मानी जा रही है। उत्तराखंड में मतदाताओं ने बता दिया किसके हाथों में देंगे सत्ता सत्ता की बागडोर हाथों में आने के बाद से धामी चौन से नहीं बैठ पाए और लगातार दबाव में रहे। हालांकि वे चुनाव हार गए हैं। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव पर विभिन्न एजेंसियों और चौनलों के एग्जिट पोल के अनुमानों ने राज्य के लोगों



को चकरा दिया था। कुछ एजेंसियों के अनुमानों में तो इतना अधिक अंतर था कि कोई भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने की संभावना जता रहा है तो कोई कांग्रेस की सरकार बना रहा है। इसके चलते भ्रम की स्थिति बनती दिख रही है, जिसे टूटने में 24 घंटे और इंतजार करना होगा। आज 10 मार्च को मतगणना के बाद यह खुलासा हो गया है कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्तराखंड में सत्ता की बागडोर किस दल के हाथों में सौंपी है।

# अयोध्या सहित बीकापुर,रुदौली विधानसभा पर भाजपा का फिर हुआ कब्जा : वहीं सपा को मिली गोशाईगंज व मिल्कीपुर सीट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में मतदाताओं ने जहां एक ओर भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान विधायक रहे वेद गुप्ता को एक बार फिर जीत दिलाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ–साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को यह भरोसा दिलाया है कि आज भी अयोध्या सदर की जनता भारतीय जनता पार्टी के योजनाओं व न्याय प्रणाली कानून व्यवस्था सहित अन्य विशेषताओं से खुश है वहीं इसी कड़ी में राम नगरी अयोध्या जिले से दो अन्य सीटों जिसमें रुदौली विधानसभा से इस बार हैट्रिक लगा रहे रामचंद्र यादव को दोबारा विधायक बनाकर अपना भरोसा जताया है वहीं बीकापुर विधानसभा से वर्तमान विधायक वही शोभा सिंह चौहान के पुत्र डॉ अमित सिंह चौहान पर भरोसा जताते हुए उन्हें भी विधानसभा भेजकर वहां के लोगों ने अपनी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाई है लेकिन जहां एक तरफ अयोध्या जिले की राम नगरी अयोध्या सदर के साथ–साथ बीकापुर विधानसभा और रुदौली विधानसभा पर वर्तमान समय में रहे विधायकों जिसमें वेद गुप्ता व रामचंद्र यादव के साथ साथ वर्तमान विधायक शोभा सिंह चौहान के पुत्र डॉक्टर अमित सिंह चौहान को विधानसभा भेजकर यह बताने की कोशिश किया कि आज भी यहां के क्षेत्र के लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्य प्रणाली से काफी खुश हैं लेकिन वही आज देश की उपासना हिंदी दैनिक समाचार पत्र व नवभारत चेतना चौनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव को लोगों ने बताया अयोध्या जिले की जहां इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने अपना भरोसा भारतीय जनता पार्टी पर जताकर यह बात तय कर दी कि भारतीय जनता पार्टी चाहे वह केंद्र सरकार में हो या राज्य सरकार में हो उसका कानून व्यवस्था आर्थिक गतिविधियों महिला सुरक्षा सहित अन्य कई योजनाओं पर जो कार्य कर रही है उससे जनता काफी खुश है वहीं इसी कड़ी में इन लोगों के मन में यह मलाल जरूर रहा कि अगर आज अयोध्या जिले की गोसाईगंज विधानसभा से अपना दल प्रत्याशी आरती तिवारी पत्नी पूर्व विधायक रहे इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू तिवारी को जीत हासिल कर आते और उनको विधानसभा की ओर भेजते तो बात कुछ और थी इन लोगों ने एक खास मुलाकात ने बताया कि वहां की जनता यह नहीं शायद समझ पाई की भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रहित के साथ–साथ समाज और समाज में रहने वाले लोगों का चहुमुखी विकास कर सकती है इसी तरह मिल्कीपुर विधानसभा में भी वहां के क्षेत्र के लोगों के चलते भारतीय जनता पार्टी से वर्तमान विधायक रहे बाबा गोरखनाथ को पराजय का मुंह देखना पड़ा देश की उपासना



हिंदी समाचार पत्र के माध्यम से इन लोगों ने बताया कि यह अयोध्या नगरी की दुर्भाग्य ही है कि केंद्र सरकार में नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री के होते हुए यह दिन देखना पड़ा यहां लोगों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी चाहे केंद्र की सरकार रही हो चाहे उत्तर प्रदेश की सरकार रही हो अयोध्या की चौमुखी विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है चाहे वह मेडिकल के क्षेत्र में हो चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो चाहे दीपोत्सव के क्षेत्र में हो चाहे सड़क के क्षेत्र में हो चाहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के निर्माण के क्षेत्र में हो मालूम हो कि इस बार अयोध्या जिले की पांचों सीटों क्रमशाह अयोध्या सदर से वर्तमान विधायक भारतीय जनता पार्टी के वेद प्रकाश गुप्ता गोसाईगंज से समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक रहे अभय सिंह मिल्कीपुर से समाजवादी पार्टी से रहे पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद बीकापुर विधानसभा से वर्तमान विधायक भारतीय जनता पार्टी की शोभा सिंह चौहान के पुत्र डॉ अमित सिंह चौहान वाह रुदौली विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी से वर्तमान विधायक व हैट्रिक लगा रहे इस बार रामचंद्र यादव विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं इन सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से खास मुलाकात में कहा कि क्षेत्र का विकास करना उनका परंपरा प्राथमिकता रहेगा इसके साथ–साथ शासन के अनुसार कार्य करना भी उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक रहेगी इस मौके पर इन नवनिर्वाचित विधायकों ने बताया कि शासन द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जाएंगी उसे जनता तक पहुंचाने का भी कार्य करने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी इसी कड़ी में इन नवनिर्वाचित विधायकों ने ने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र नवभारत चेतना न्यूज चौनल के माध्यम से जनपद के सभी लोगों अधिकारियों पत्रकारों प्रतिनिधियों के साथ–साथ पार्टियों के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया।

# कुंडा से राजाभैया, बाबागंज से विनोद सरोज, रामपुर खास से अराधना मिश्रा, विश्वनाथगंज से जीतलाल और सदर से राजेंद्र मौर्य जीते

प्रतापगढ़ ब्यूरो : जिले की सात विधानसभा सीट से चार का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी और बाहुबली राजाभैया ने सपा के गुलशन यादव को 40 हजार से अधिक मतों से पराजित कर दिया। इसी तरह बाबागंज से विनोद सरोज ने 15241 मतों से जीत दर्ज की। विश्वनाथगंज से अपना दल एस प्रत्याशी जीतलाल ने 47 हजार मतों से जीत दर्ज की। इसी तरह कांग्रेस की प्रत्याशी मोना मिश्रा ने 25 हजार मतों से जीत दर्ज की है। मोना की यह तीसरी जीत है। कुंडा विधानसभा सीट पर सातवें चरण की मतगणना पूरी हो गई। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रत्याशी राजाभैया को अब तक 23282 और सपा प्रत्याशी गुलशन यादव 18228 मत मिले हैं। राजाभैया फिलहाल 5054 वोटों से आगे चल रहे हैं। प्रतापगढ़ में बड़ा राजनीतिक उलटफेर के संकेत मिल रहे हैं। जिले के कद्दावर नेता और योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह पटेल मोती सिंह सपा प्रत्याशी और कुख्यात दस्यु सरगना ददुआ के भतीजे राम सिंह पटेल से पीछे हो गए हैं।



जबकि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बाहुबली राजाभैया अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सपा के गुलशन यादव से आगे चल रहे हैं। इसी तरह कांग्रेस की आराधना मिश्रा मोना भाजपा प्रत्याशी से आगे चल रही हैं।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर रुदौली की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण सम्पन्न

अयोध्या ब्यूरो : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर रुदौली की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण मुख्य अतिथि संदीप बंसल राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कराया गया। शपथ ग्रहण के अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह हम व्यापारी राष्ट्र निर्माण के लिए सदियों से अपने कोष को कर के रूप में सरकार को देते हैं।उसी तरह समाज को रोजगार प्रदान करने के लिए हम लोग मुख्य भूमिका निभाते है किंतु हम व्यापारी बंधुओं का न तो शासन में और न सरकार द्वारा सम्मान एवं सुरक्षा प्रदान नहीं की जाती है व्यापारी समाज संगठित होकर खुद ही उसका निर्वहन करता है बिना संगठन के समाज में जागरूकता नहीं की जा सकती है इसलिए इस शपथ ग्रहण को संपन्न कराया गया।हमारी कार्यकारिणी सभी व्यापारियों के लिए सुख दुख एवं किसी भी व्यक्ति के द्वारा किए गए शोषण में संगठन द्वारा इमानदारी से उस व्यापारी के साथ खड़े रहेंगे।हम पूरे रुदौली विधानसभा के व्यापारियों को आश्वासन देते हैं कि उनके लिए दिन रात काम करेंगे और उनकी रक्षा हेतु प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही भी करेंगे।कार्यक्रम का संचालन बृजेश वैश्य ने किया।कार्यक्रम के अंत मे आभार नगर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल जी ने ज्ञापित किया।

# न्यायालय पर विचाराधीन मामले पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकवाने की मांग

अयोध्या ब्यूरो : रूदौली क्षेत्र के ग्राम दफियापुर में न्यायालय में विचाराधीन विवादित भूमि पर जबरन निर्माण करने का मामला प्रकाश में आया है।मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों से की है। केशरी प्रसाद पुत्र इंद्रपाल ग्राम दफियापुर परगना व तहसील रुदौली थाना पटरंगा ने शिकायतीपत्र के माध्यम से कहा है कि भूमि गाटा संख्या 260 /0.228हे0 स्थित ग्राम दफियापुर के बंटवारे का वाद न्यायालय उप जिलाधिकारी रूदौली के न्यायालय पर योजित किया है जो न्यायालय पर विचाराधीन है जिसकी अगली तारीख 22/03/2022 को नियत है।मुकदमे के दौरान विपक्षी रामकुमार पुत्र सुंदर लाल विवादित भूमि पर जबरन नया निर्माण कर रहे हैं मना करने पर विपक्षी फौजदारी पर आमादा हैं।जबकि जब तक उक्त भूमि का वाद न्यायालय पर चल रहा है तब तक विपक्षी को उस पर कोई निर्माण न करना चाहिए।इससे पहले भी विपक्षी एक बार निर्माण का प्रयास कर चुके हैं मना करने पर फौजदारी पर आमादा हो गए थे तब एसडीएम महोदय को शिकायत करने पर निर्माण रुक गया था लेकिन अब फिर से उसी भूमि पर निर्माण कर रहे है।पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या से शिकायत की है कि भूमि गाटा संख्या 260 रकबा 0.228 हे0 स्थित ग्राम दफियापुर का जब तक बटवारा न हो जाय तब तक अवैध निर्माण रुकवा दिया जाय।

# गांजा कारोबारी गिरफ्तार, मीडिया में छपी खबर का दिखा असरः पुलिस ने टीम बनाकर कारोबारी को पकड़ा

अयोध्या ब्यूरो : सर्किल के कुमारगंज इनायत नगर थाना क्षेत्र में अवैध गांजा का कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है, नशे के आदी युवाओं के साथ– साथ महा विद्यालय में पठन–पाठन करने वाले छात्र भी नशे की जद में आ रहे हैं। बीते रविवार को कस्बा कुमारगंज के गिरजा मोड़ के निकट गुमटी में बेचे जा रहे अवैध गांजे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, वायरल वीडियो के आधार पर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित, किया गया था बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आनन–फानन में अवैध गांजा कारोबारी को पकड़ने के लिए टीम गठित की जब तक गांजा व्यवसाई व पुलिस से वार्ता नहीं हुई तब तक गांजा की बिक्री करने वाला आरोपी नहीं पकड़ा जा सका। अवैध गांजा बिक्री का जो वीडियो वायरल हुआ था उसमें गांजा की बिक्री करने वाले दो लोग स्पष्ट दिखाई दे रहे थे । एक ही व्यक्ति को पुलिस पकड़ सकी। चौकी प्रभारी इंडिया संतोष कुमार मौर्य ने पकड़े गए आरोपी जय कुमार पुत्र राम सजीवन को 750 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया था । जिसके खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 52/22 धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र के आकाश, ज्ञानेंद्र, विकास, रामकरन, तेज प्रताप का कहना है। पुलिस अगर चाहे तो क्षेत्र से अवैध गांजे का कारोबार बंद हो सकता है लेकिन पुलिस के साथ–साथ अन्य लोग भी अवैध गांजा कारोबारियों से अपने हिस्सेदारी का पैसा वसूल कर रहे हैं । ऐसी दशा में अवैध गांजा बिक्री का कारोबार कैसे रुक सकेगा। खबर प्रकाशित होने के बाद से पुलिस ने गांजा बिक्री करने वाले दुकानदारों को कहा है कि 2 दिनों तक अभी गांजा मत बेचिए मामला बहुत गर्म है नहीं तो तुम्हारे खिलाफ मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ेगी।

# बाईक सवार को बचाने मे अनियंत्रित हो पेड से टकराई विक्रम :चालक समेत दो सवारी की हालत गंभीर : पांच अन्य को आई मामूली चोटें

अयोध्या ब्यूरो : रौनाही थाना सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत बडागांव बाजार से फैजाबाद सवारी लेकर जा रही विक्रम सलार पुर के सामने अचानक बाइक सवार के आ जाने से अनियंत्रित हो पेड से टकरा जाने चालक आशीष पुत्र श्यामे, इंद्र राज बद्री प्रसाद निवासी बडागांव,राहुल पुत्र राम अजोरे निवासी रूदौली कोतवाली क्षेत्र गोहन्ना को गंभीर तथा पांच अन्य सवारियो को मामूली चोटे आईं। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। इस बाबत थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मामूली चोटिलो को प्राथमिक उपचार कराकर गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। गंभीर रुप से जख्म चालक समेत दो सवारी का इलाज जिला अस्पताल मे किया जा रहा है।

# करेली बूथ पर बमकांड का खुलासा : मतदान के समय दहशत फैलाने के लिए की गई थी बमबाजी

प्रयागराज ब्यूरो : करेली में गौस नगर में 27 फरवरी को लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर स्थित मतदान स्थल के बाहर अर्जुन कोल की बम मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बमबाजी का मकसद मतदान के समय दहशत फैलाना था। इस मामले में छह अन्य आरोपियों को भी नामजद किया गया। षड्यंत्र का पूरा पर्दाफाश उनके पकड़े जाने के बाद ही होगा कि आखिर वे किस कारण से दहशत फैलाना चाह रहे थे। उनके राजनीतिक कनेक्शन का भी पता लगाया जा रहा है। गौस नगर में मतदान के दिन लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर मतदान स्थल के बाहर कोरांव के अर्जुन कोल की बम से हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने बताया कि अर्जुन अपने झोले में बम लेकर जा रहा था। वह साइकिल से गिर गया तो बम फटने से उसकी मौत हो गई। लेकिन उसी साइकिल पर पीछे बैठे अर्जुन के चचेरे भाई संजय ने इस बात से इनकार कर बताया था कि किसी ने बम मारा है। अर्जुन के पास नहीं था कोई झोला बाद में जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि अर्जुन के पास कोई झोला नहीं था। पुलिस की थ्योरी पलटी तो जांच शुरू हुई। कुछ लोगों ने मौका ए वारदात का वीडियो भी बनाया था। पुलिस को वीडियो मिला तो एक नाम सामने आ गया। इसी के बाद खोजबीन शुरू हुई। बुधवार को एसओ करेली अनुराग शर्मा और एसओजी टीम ने गौस नगर के हसन, मस्तान मार्केट के मोइनुद्दीन उर्फ मुन्ना, और आसिफ उर्फ इन्ने को गिरफ्तार कर लिया गया गया। अधिकारियों ने तीनों से लंबी पूछताछ की। पता चला कि इस पूरे कांड में नौ लोग शामिल थे। इनका मकसद मतदान के दिन दहशत फैलाकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करना था। उनके कॉल डीटेल्स की



जांच की जा रही है। राजनीतिक कनेक्शन का भी पता लगाया जा रहा है। एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर सराहनीय काम किया है। बाकी बचे छह आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। उनके पकड़े जाने के बाद कुछ और खुलासे होंगे। हसन की बमबाजी से गई थी अर्जुन की जान लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर स्थित मतदान स्थल के बाहर बमबाजी कर दहशत फैलाने के लिए पहला बम मोइनुद्दीन उर्फ मुन्ना ने फेंका था लेकिन वह एक पेड़ की झाड़ियों से टकराकर वहीं गिर गया। बम फटा नहीं तो दूसरा बम हसन ने फेंका। उसने साइकिल से जा रहे अर्जुन और संजय पर निशाना साधते हुए बम फेंका। बम सीधे अर्जुन को लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार को घटना के खुलासे के बाद बीडीडीएस टीम ने मौके वह बम बरामद कर निष्क्रिय किया जो उस दिन फटा नहीं था। टीम को 25 हजार का पुरस्कार एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। दरोगा वैभव सिंह, एसओ अनुराग शर्मा, राज बहादुर, रवि कटियार और आशीष कुमार समेत कई सिपाहियों ने खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण , क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 09.03.2022 को थानाध्यक्ष वीर सिंह थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या के नेतृत्व में उ0नि0 संतोष कुमार मौर्य मय हमराह टीम के अभिसूचना संकलन व सुबह वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटर साइकिल को रोकने पर 750 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त जय कुमार ध्र राम सजीवन को नरेन्द्र नगर प्राथमिक विद्यालय के पास जोरियम मार्ग पर थाना कुमारगंज अयोध्या से समय सुबह 03. 40 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्ध मु0अ0स0 52/22 धारा 8द्द 20 छक्चै ।ब्ज थाना कुमारगंज जनपद अयोध्या में पंजीकृत है। न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाजसेवी सहित दो छात्राएं सम्मानित

अयोध्या ब्यूरो : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंडित रेवती रमन इंटर कॉलेज की दो मेधावी छात्राएं ऋषभ तिवारी दिव्यांशी शर्मा सहित समाजसेवी भारती सिंह को समाज सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। सदस्य जिला पंचायत विनीता रावत ने साल पेन डायरी देकर व माला पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा महिलाए क्रांति बनकर आ चुकी हैं। सरकारी मशीनरी हो या प्राइवेट हर जगह महिलाओं का दखल है।सम्मानित हुई समाजसेवी भारती सिंह ने कहा महिलाएं आत्मनिर्भर बने जिससे उनको कभी दूसरे के सहारे की जरूरत ना पड़े। सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि अजय रावत ने कहा मैं जो कुछ हूँ आप लोगों की बदौलत हूँ। प्रधानाचार्य सुमन पांडे ने कहा हमारे विद्यालय के 2 छात्रों को सम्मानित किया गया अच्छा लग रहा है। इस मौके पर विद्यालय के सैकड़ों छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे। फोटो पंडित रेवती रमण इंटर कॉलेज में सम्मानित होने के बाद बाएं से दाएं प्रधानाचार्य सुमन पांडे छात्रा ऋषभ तिवारी सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि अजय रावत सदस्य जिला पंचायत विनीता रावत छात्रा दिव्यांशी शर्मा तथा भारती सिंह रही मौजूद।

# भेलसर चौकी पर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

अयोध्या ब्यूरो : आगामी विधानसभा चुनाव के नतीजे व होली पर्व के को देखते हुए मंगलवार को भेलसर चौकी पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक रुदौली शशिकांत यादव ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाई चारे का संदेश देता है।इससे लोगों को सीख लेनी चाहिए रंग–गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें।अगर रंग खेलते वक्त किसी से कुछ मतभेद होता है तो उस पर रंग ना डालें।भाई चारे का माहौल बनाए रखें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से संपन्न हो सके।उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों के परिणाम को लेकर किसी प्रकार हुड़दंग न करने की अपील की।उन्होंने कहा कि होली पर्व व विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।चिन्हित होलिका दहन स्थल पर होलिका का दहन करें। चौकी प्रभारी सन्तोष उपाध्याय ने कहा गांवो में किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।व्यवस्था में खलल डालने वालो को बक्सा नही जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रमुख मोहम्मद अहमद,प्रधान भेलसर मोहम्मद अलीम उर्फ गय्यम, राम कुमार प्रधान, जितेंद्र यादव, पारस नाथ, सत्ती लाल, राम करन रावत, राम वृक्ष मौर्य, मैकू लाल, मोहम्मद अरसद सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# "वैज्ञानिक तकनीक से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अयोध्या ब्यूरो : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा द्वारा ''किसानों की क्षमता विकास हेतु लाभदायक डेरी एवं पशुधन प्रबंधन'' के अंतर्गत ''वैज्ञानिक तकनीक से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन'' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखंड के कोटडीह गांव मे हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन 40 प्रगतिशील पशुपालक किसानों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण समन्वयक एसोसिएट प्रोफेसर पशु रोग विज्ञान डॉ० देश दीपक सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिन पशुपालकों की क्षमता विकास हेतु ''वैज्ञानिक तकनीक से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन '' विषय पर प्रशिक्षित किया गया । विश्वविद्यालय के पशु औषधि विज्ञान के प्रभारी अधिकारी डॉ जे.पी. सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को पशुओं में होने वाली विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों के लक्षण, निदान व बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी। विश्वविद्यालय के पशु परजीवी विभाग के अध्यक्ष डॉ अमित सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को पशुओं के वाह्य एवं अंत परजीवी से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।